**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 14-03-2007**

**Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal**

>

Title: Need to shift the Headquarters of ONGC from Dehradun to Gujarat - laid.

**श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) :** महोदय, नियम 377 के माध्यम से सरकार का ध्यान ओएनजीसी द्वारा की जा रही फिजूलखर्ची की तरफ दिलाना चाहता हूं। ओएनजीसी के तेल क्षेत्र वर्तमान समय में असम और गुजरात में ज्यादा है और इन्हीं क्षेत्रों में तेल ज्यादा निकल रहा है। कुल आयल के उत्पादन में 20 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन गुजरात में हो रहा है। इस संबंध में एक बैठक में हमने सवाल उठाया है कि देहरादून में ओएनजीसी मुख्यालय क्यों रखा गया है तो ओएनजीसी अधिकारियों का कहना है कि हमने वहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मकान बना रखे हैं और आफिस कार्यालय पर 150 करोड़ रुपए का निवेश कर रखा है, परन्तु अधिकारियों की निगाह में यह कौन सा निवेश है, इससे कितना राजस्व मिलता है। ओएनजीसी का असली काम तेल और गैस निकालना है।

अत: सरकार से अनुरोध है कि सरकार को खर्चा घटाने के लिए ओएनजीसी का मुख्यालय गुजरात में स्थापित करें, जहां पर तेल और गैस अन्य क्षेत्रों से ज्यादा निकल रहा है।